वो बिल्ली जो अकेली गई

रुडयार्ड किपलिंग की "जस्ट सो स्टोरीस"

पर आधारित

वो बिल्ली जो अकेली गई

रुडयार्ड किपलिंग की "जस्ट सो स्टोरीस"

पर आधारित

पुराने ज़माने में एक दिन जानवरों ने लोगों को आग जलाते हुए देखा.

"मैं उसके बारे में और मालूम करूंगा,"
कुत्ते ने कहा.

"मैं ऐसा कुछ नहीं करूंगी," बिल्ली ने कहा.

"मैं वहां पर खुद अकेले जाऊंगी!"

जल्द ही घोड़ा, कुत्ते को खोजने के लिए गया.

"मैं तुम्हारे साथ नहीं आऊंगी," बिल्ली ने कहा.

"मैं खुद अकेले जाऊंगी!"

अगले दिन बिल्ली, लोगों की गुफा में गई.

"अकेले आने वाली बिल्ली, तुम यहाँ से चली जाओ," औरत ने कहा.

"पर यहाँ की गर्मी मुझे अच्छी लग रही है," बिल्ली ने कहा.

“अच्छा, अगर मैं तुम से तीन बार अच्छी तरह सलूक करूं तब तुम अंदर आना," औरत ने कहा.

बाद में औरत का बच्चा रोने लगा.
बिल्ली ने बच्चे के साथ एक खेल
खेला और फिर वो चुप हो गया.

बच्चा तब तक नहीं सोया जब तक
बिल्ली ने उसके लिए गाना नहीं गाया.
तुम्हारा शुक्रिया.

फिर एक चूहा दौड़ता हुआ आया और
बिल्ली ने उसे लपककर पकड़ लिया.
तुम्हारा शुक्रिया.

फिर बिल्ली अचानक आग वाली गुफा में आ गई.

उसके सामने दूध का एक कटोरा रखा था.

इस तरह खुद से चलकर जाने वाली
बिल्ली ने लोगों से दोस्ती बनाई.

अंत